बहरोड़ में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विद्यार्थी मतदाताओं को शपथ दिलवाई

तेज न्यूज़24/सुनिल जालिन्द्रा

बहरोड़। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिवर्ष 25 जनवरी को देश भर में राष्टीय मतदाता दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाता है। इस क्रम में राजकीय महाविद्यालय बहरोड़ में सोमवार को राष्टीय मतदाता दिवस समारोह का आयोजन राज्य सरकार द्वारा जारी कोविड-19 सुरक्षा मापदंडों की पालना करते हुए महाविद्यालय के विद्यार्थी मतदाताओं को प्रभारी अधिकारी डॉ विनय सिंह यादव ने शपथ दिलाई। जिससे प्रजातंत्र में सभी की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इस बार राष्टीय मतदाता दिवस की थीम मतदाताओं को सशक्त, सचेत, सुरक्षित और जागरूक बनाना है। कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर हरिप्रसाद अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र विद्यार्थी अपना मतदाता के रूप में पंजीकरण करवाएं और आने वाले मतदान में अधिक से अधिक सकारात्मक भूमिका निभायें। इस अवसर पर डॉ मनमोहन सिंह, डॉक्टर संजीव गर्ग, राकेश कुमार शर्मा, प्रेमपाल यादव, इंद्रजीत यादव, अनिता राज, वीरेंद्र कुमार, संदीप आर्य, कैलाश मिश्रा सहित महाविद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।